# कचरा घर बनी कुरवाई की बावड़ी

**खास बातें**

- दावों में चमकता जिला की कुरवाई हकीकत से दूर
- शत-प्रतिशत लक्ष्य के दावों के बीच शिव मंदिर के सामने गंदगी का अंबार



नवभारत न्यूज

कुरवाई 3 अप्रैल, विदिशा जिले में जल स्त्रोतों के संरक्षण के लिए चलाए जा रहे जल गंगा संवर्धन अभियान के परिणाम कागजों और धरातल पर दो अलग कहानियां बयां कर रहे हैं. एक ओर जिला कलेक्टर अंशुल गुप्ता की समीक्षा बैठक में जिला पंचायत ने यह रिपोर्ट पेश की कि जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के सभी 1024 सार्वजनिक कुओं पर मुंडेर निर्माण का कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है, वहीं कुरवाई के वार्ड क्रमांक 4 से आई तस्वीरें इन दावों की कड़वी सच्चाई दिखा रही हैं.

प्रशासन का दावा है कि कुरवाई सहित पूरे जिले में चिन्हित कुओं को सुरक्षित कर जल स्त्रोतों की स्वच्छता सुनिश्चित कर दी गई है, लेकिन कुरवाई नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 4 में स्थित प्राचीन शिव मंदिर के सामने की स्थिति इसके ठीक उलट है. यहाँ की बड़ी बावड़ी के चारों ओर फेंसिंग तो है, लेकिन यह अब सुरक्षा के बजाय कचरा रोकने का घेरा बन गई है. मंदिर के ठीक सामने और बावड़ी के मुहाने पर गंदगी का ऐसा ढेर पड़ा रहता है कि श्रद्धालुओं का वहां खड़ा होना भी दूभर हो गया है.

**शिव मंदिर आस्था के केंद्र पर फैला यह कचरा**

एक तरफ कलेक्टर ने अधिकारियों की सराहना करते हुए कहा कि मुंडेर निर्माण से जल स्त्रोतों की स्वच्छता बनी रहेगी, वहीं दूसरी तरफ शिव मंदिर जैसे आस्था के केंद्र पर फैला यह कचरा प्रशासनिक दावों को आईना दिखा रहा है. क्षेत्रीय नागरिक सवाल उठा रहे हैं कि आखिर इस गंदगी के अंबार के बीच जल गंगा संवर्धन का उद्देश्य कैसे पूरा होगा. केवल फेंसिंग लगा देने से जिम्मेदारी खत्म नहीं होती; जब तक जल स्त्रोतों के आसपास से गंदगी का साम्राज्य खत्म नहीं होगा, तब तक स्वच्छ पेयजल और जनसुरक्षा के ये सरकारी आंकड़े मात्र कागजी जादूगरी ही नजर आएंगे.

# एसबीआई पठारी ने बीमा दावों का किया भुगतान

**प्रधानमंत्री बीमा योजनाओं के तहत 2-2 लाख रुपये की सहायता राशि वितरित**



नवभारत न्यूज

**पठारी 3 अप्रैल, ग्रामीण क्षेत्र में सामाजिक सुरक्षा को सुदृढ़ करने की दिशा में भारतीय स्टेट बैंक शाखा पठारी द्वारा सराहनीय पहल करते हुए प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत मृतक हितग्राहियों के परिजनों को 2-2 लाख रुपये की बीमा राशि का भुगतान किया गया.**

प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के अंतर्गत प्रवीण प्रताप सोलंकी निवासी ग्राम पठारी, दामोदर साहू निवासी ग्राम पदमयाई, रामबाबू अहिरवार निवासी ग्राम मथुरापुर एवं विक्रम सिंह दांगी निवासी ग्राम भाल बामोरा के परिजनों को 2 लाख रुपये की सहायता राशि प्रदान की गई.इसी प्रकार प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत विक्रम सिंह दांगी निवासी ग्राम भाल बामोरा के परिजनों को 2 लाख रुपये की बीमा राशि दी गई.बैंक द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार पीएमएसबीवाय का वार्षिक प्रीमियम मात्र 20 रुपये तथा प्रीमियम 436 रुपये है, जिससे आम नागरिक भी आसानी से इन योजनाओं का लाभ ले सकते हैं.शाखा प्रबंधक अविनाश परिहार ने बताया कि इन योजनाओं का उद्देश्य जरूरतमंद परिवारों को कठिन समय में आर्थिक सहारा देना है. उन्होंने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में इन योजनाओं से जुड़ने की अपील की.क्षेत्रवासियों ने बैंक की इस पहल की सराहना की, वहीं परिवारजनों ने भी बैंक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सहायता उनके लिए कठिन समय में बड़ा सहारा साबित हुई है. एसबीआई पठारी की इस पहल से जहां प्रभावित परिवारों को राहत मिली है, वहीं यह अन्य लोगों के लिए भी प्रेरणा बनी है कि वे कम प्रीमियम में अधिक सुरक्षा देने वाली बीमा योजनाओं का लाभ अवश्य उठाएं.

**एक नजर में**

## श्री रामनवमी पर निकली भव्य कलश यात्रा

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** शहर में भव्य कलश यात्रा निकाली गई. यह यात्रा डंडापुरा से प्रारंभ होकर बस स्टैंड और बड़े बाजार होते हुए मनोहर धाम तक पहुंची. कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं, युवतियां और श्रद्धालु सिर पर कलश रखकर शामिल हुए. यात्रा के दौरान पूरे मार्ग में भक्तिमय माहौल बना रहा और भगवान श्रीराम के जयकारों से शहर गूंज उठा. जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया.

## एसपी और कलेक्टर से सुरक्षा की लगाई गुहार

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,** चंद्र मोहन सपा और कलेक्टर को लिखित शिकायत करते हुए अपनी सुरक्षा को खतरा बताया उन्होंने बताई कि उनके घर के पास ही रहने वाले कुछ लोगों से उनके पूर्व में विवाद हुआ था. इस बात की शिकायत थाने में की गई थी. इस मामले में राजीनामा करने के लिए लगातार दबाव बनाया जा रहा है उन्होंने अपने ऊपर कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना करने की भी आशंका व्यक्त की है आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की गई.

## हनुमान जन्मोत्सव पर सेवा का संदेश

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा,** स्टेशन रोड स्थित नौलखी मंदिर में गुरुवार को हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर श्रद्धा और सेवा की मिसाल पेश की गई. मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं, दर्शनार्थियों के साथ-साथ राहगीरों को भी अब 24 घंटे शीतल जल उपलब्ध होगा. वाटर कूलर का विधिवत पूजन महंत राम मनोहर दास जी महाराज द्वारा मंत्रोच्चार के साथ संपन्न कराया गया. समाजसेवी प्रकाश माहेश्वरी ने अपने स्वर्गीय पिता शिवलाल माहेश्वरी एवं माता श्रीमती निर्मला देवी माहेश्वरी की पुण्य स्मृति में मंदिर परिसर में यह वाटर कूलर भेंट किया.

# रंगोली ने मंदिर परिसर को बनाया आस्था का जीवंत धाम

**25 घंटे की साधना से सजी राम-हनुमान मिलन की भव्य रंगोली**




नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा, हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर सावरकर चौक स्थित श्री धनुषधारी राम मंदिर में भक्ति और कला का अद्भुत संगम देखने को मिला, जहां सूखे रंगों से सजी एक भव्य रंगोली ने पूरे मंदिर परिसर को आस्था के जीवंत धाम में बदल दिया. हर रंग और हर रेखा में भक्ति का भाव इस तरह झलक रहा था, मानो पूरा वातावरण राम नाम में डूब गया हो.**

नगर की युवा शिक्षिका शिवानी सेन ने लगातार 25 घंटे की मेहनत, धैर्य और समर्पण से भगवान राम और हनुमान जी के मिलन का भव्य चित्र रंगोली के माध्यम से तैयार किया. यह रंगोली केवल एक कलाकृति नहीं, बल्कि उनकी साधना और श्रद्धा का जीवंत उदाहरण बनकर सामने आई. मंदिर में आने वाला हर श्रद्धालु इस अद्भुत कृति को देखकर कुछ पल ठहरने को मजबूर हुआ और भक्ति भाव से अभिभूत नजर आया.समय के साथ उनकी कला को नई पहचान मिलने लगी है.हनुमान जन्मोत्सव पर बनाई गई यह रंगोली मंदिर परिसर में आकर्षण का केंद्र बनी रही. श्रद्धालुओं ने न केवल इसकी सराहना की, बल्कि शिवानी के धैर्य, समर्पण और कला के प्रति लगन की भी खुलकर प्रशंसा की. शिवानी के अनुसार यह उनके लिए केवल कला नहीं, बल्कि भगवान के प्रति श्रद्धा व्यक्त करने का माध्यम है. उन्होंने बताया कि वे हर रंगोली को पूजा की तरह बनाती हैं.उल्लेखनीय है कि शिवानी सेन नगर के प्रमुख मंदिरों के अलावा उदयपुर के नीलकंठेश्वर मंदिर प्रांगण में भी अपनी कला का प्रदर्शन कर चुकी हैं.

**प्रतिभा को हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिर में स्थान दिया जाए**

क्षत्रिय भावसार समाज के अध्यक्ष रोहित भावसार ने बताया कि उन्होंने शिवानी की कला को पहले रामनवमी के अवसर पर देखा था, जिसके बाद उन्हें प्रेरणा मिली कि इस प्रतिभा को हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिर में स्थान दिया जाए. उन्होंने शिवानी को आमंत्रित कर सूखे रंग उपलब्ध कराए, जिसके बाद शिवानी ने अथक प्रयासों से यह आकर्षक रंगोली तैयार की.मध्यमवर्गीय परिवार से आने वाली शिवानी सेन एक निजी विद्यालय में क्राफ्ट शिक्षिका हैं. उन्होंने किसी संस्थान से प्रशिक्षण नहीं लिया, बल्कि स्वयं अभ्यास से अपनी कला को निखारा है. उनकी प्रतिभा को उनकी बड़ी बहन पूजा सेन ने पहचाना और उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया.शिवानी ने बताया कि रामलला प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर उन्होंने पहली बार रंगोली के माध्यम से भगवान की छवि बनाई थी, जिसके बाद से उन्होंने धार्मिक आयोजनों में नियमित रूप से रंगोली बनाना शुरू किया.

## हनुमान जन्मोत्सव चल समारोह में यादव समाज ने किया स्वागत व सेवा

नवभारत

**गंजबासौदा,** हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर निकले चल समारोह के दौरान जय स्तंभ चौक पर यादव समाज द्वारा श्रद्धा और उत्साह के साथ पूजा-अर्चना कर पुष्प वर्षा की गई और आशीर्वाद लिया गया.इस अवसर पर यादव समाज प्रमुख रमेश यादव, मनोज यादव, महेश यादव, संजू यादव एवं देवी सिंह यादव सहित समाज के लोगों ने चल समारोह में शामिल श्रद्धालुओं का फूल मालाओं से स्वागत किया. साथ ही श्रद्धालुओं को ठंडा जल पिलाकर एवं प्रसाद वितरित कर सेवा कार्य किया गया.समाज के इस सेवा भाव से श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा गया और सभी ने इस पहल की सराहना की.

# बडबाला घाट पर होगी जन जाग्रति की 122वीं महागंगा आरती

**महागंगा आरतियों की श्रृंखला में 122वीं महागंगा आरती का आयोजन**

नवभारत न्यूज

**विदिशा, गत 17 वर्षों से माँ वैत्रवती गंगा को साफ, स्वच्छ, सुंदर एवं सदानीरा बनाए रखने के उद्देश्य से शासन, प्रशासन, आम जनमानस और जनप्रतिनिधियों को जागरूक करने के लिए माँ वैत्रवती गंगा मंगल आरती सेवा समिति परिवार द्वारा नियमित रूप से गंगा आरती का आयोजन किया जा रहा है.**

इस श्रृंखला में प्रतिदिन गंगा आरती की गणना के साथ अब तक 6101 दिन पूर्ण हो चुके हैं. हर पचास दिन पर आयोजित होने वाली महागंगा आरतीयों की श्रृंखला में 122वीं महागंगा आरती का आयोजन शनिवार, 4 अप्रैल को सायंकाल 6.30 बजे गोधुली वेला में बडबाला घाट, माँ वैत्रवती पुरम, जिला विदिशा, मध्यप्रदेश पर किया जाएगा.इस अवसर पर समिति के संयोजक मानसेवी वेतवा पुत्र भजन गायक पंडित मनीष चतुर्वेदी, संरक्षक पंडित लक्ष्मी नारायण दण्डोतिया, अध्यक्ष पंडित रमेश चौवे, संचालक चरण सिंह लोधी एवं आजीवन सदस्य देवेंद्र रघुवंशी, प्रेमनारायण चिढ़ार, हरीसिंह राजपूत, मुन्नालाल तिवारी, राजू झा, दातार सिंह रघुवंशी सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहेंगे.समिति ने नगर के सभी धार्मिक, सामाजिक, शैक्षणिक और राजनीतिक संगठनों के सदस्य, सभी धर्म प्रेमी बंधु एवं माता बहनों से इस महागंगा आरती के आयोजन में सपरिवार शामिल होने का सादर अनुरोध किया है.

# तीन मित्रों ने हनुमान जन्मोत्सव पर चांदी का छत्र किया भेंट



नवभारत न्यूज

**पठारी, सिद्ध क्षेत्र श्री करेली धाम में नगर के तीन मित्रों ने श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व पर श्री करेली सरकार को चांदी का छत्र भेंट किया. छत्र भेंट के दौरान एक अलौकिक घटना भी देखने को मिली, जिसमें हनुमान जी महाराज के गले से पुष्पमाला स्वतः गिर गई, जिसे श्रद्धालुओं ने दैविक संकेत मानते हुए प्रभु की असीम कृपा बताया.**

नगर के युवा एवं भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के प्रांतीय मीडिया सह प्रभारी सुनील कुमार साहू, प्रसार पीआर कंपनी भोपाल के संचालक अभिलाष ठाकुर एवं संबल झा ने लगभग 3 किलोग्राम का चांदी का छत्र श्री हनुमान जी महाराज करेली सरकार को समर्पित किया. इस दौरान विशेष पूजा अर्चना और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान से छत्र अर्पित किया गया.कार्यक्रम के दौरान श्री सत्यनारायण कथा का पावन वाचन भी किया गया, जिसमें तीनों मित्रों के परिजन, शुभचिंतक, मित्र, सगे संबंधी और बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए. इस अवसर पर नगर के मनोज नामदेव द्वारा रचित श्री करेली सरकार हनुमान चालीसा का विधिवत विमोचन किया गया. चालीसा की विशेष पूजा अर्चना कर उसे श्री हनुमान जी महाराज को समर्पित किया गया. साथ ही लव कुश मानस मंडल एवं श्रद्धालुओं द्वारा श्री करेली धाम में सामूहिक वाचन किया गया. अब नगर में ध्वनि विस्तारक के माध्यम से प्रतिदिन श्री करेली सरकार हनुमान चालीसा का पाठ एवं प्रसारण किया जाएगा.

## प्रदेश प्रवक्ता बनाए जाने पर ठाकुर को दी बधाई

नवभारत न्यूज

**पठारी,** भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश के मीडिया प्रकोष्ठ के अध्यक्ष आशीष अग्रवाल द्वारा क्षेत्र के भाजपा नेता कलपेश ठाकुर को मीडिया विभाग का प्रदेश प्रवक्ता बनाए जाने पर उनके समर्थकों में खुशी की लहर है. इस अवसर पर अनेक भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी.बधाई देने वालों में अरुण सहेले, चंद्रभान सिंह दांगी , संजय जैन, आश्रय सहेले, सिद्धांत ठाकुर, पदम सिंह ठाकुर, इंद्राज सिंह ठाकुर, सुरवेंद्र सिंह ठाकुर, रितेश जैन , पृथ्वी सिंह ठाकुर सहित क्षेत्र के अन्य भाजपा नेता शामिल रहे.

# नेत्र परीक्षण शिविर में 237 मरीजों का हुआ परीक्षण

**मरीजों को चश्मा और दवाइयां भी वितरित**

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा, सदगुरुदेव श्री रणछोड़ दास जी की कृपा से ग्राम रावण के शासकीय हाई स्कूल में स्वर्गीय श्री नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के सहयोग से नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया. शिविर में सदगुरुदेव नेत्र चिकित्सालय के नेत्र चिकित्सक डॉ. दीपक सिंह ने कैंप का संचालन किया, जबकि प्रभारी जीतू पाठक, काउंसलर आर. पी. शुक्ला और अक्षय पाल ने बीपी और शुगर टेस्ट किया.**

शिविर में रोहित धाकड़, अक्षय पाल और संतोष नामदेव ने लगभग 237 मरीजों की नेत्र जांच कर उन्हें नेत्र रोगों से बचाव के उपाय बताए. शिविर में 121 लोगों को निःशुल्क दवाइयाँ वितरित की गईं, जिन्हें अक्षय पाल ने उपलब्ध कराया, और 49 मरीजों को चश्मा प्रदान किया गया. इसमें श्री गणेश राम रघुवंशी ने 25 चश्मे भेंट किए, जबकि शेष 44 मरीजों को चश्मे के नंबर रोहित धाकड़ द्वारा दिए गए.शिविर की जानकारी शिविर सहयोगी एवं वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले ने दी. यह शिविर ग्राम रावण के पूर्व जमींदार स्वर्गीय श्री हीरा लाल जी एवं उनकी स्व. श्रीमती रामकुवर बाई की पुण्य स्मृति में उनके पुत्र वरिष्ठ समाजसेवी श्री गणेश राम रघुवंशी की उपस्थिति में आयोजित किया गया.इस अवसर पर श्री गणेश राम रघुवंशी, समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले एवं लायंस क्लब के अध्यक्ष विजय अरोरा ने बताया कि सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट द्वारा प्रति वर्ष 52,000 से अधिक मोतियाबिंद ऑपरेशन किए जाते हैं, जो ट्रस्ट के श्री रवि उपाध्याय के मार्गदर्शन में किए जाते हैं और सराहनीय कार्य है.शिविर में ग्राम रावण के हाई स्कूल के समस्त स्टाफ ने भी सहयोग प्रदान किया.

# सात दिवसीय संस्कृत प्रबोधन वर्ग की तैयारियों पर मंथन, व्यापक प्रचार का संकल्प

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा, संस्कृत भारती के तत्वावधान में आयोजित होने वाले सात दिवसीय आवासीय संस्कृत प्रबोधन वर्ग को लेकर सोमवार को जनपद पंचायत कार्यालय में समीक्षा बैठक आयोजित की गई. बैठक में संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने वर्ग के सफल आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा की और दायित्वों का निर्धारण किया.**

बैठक में प्रोफेसर डॉ. बालकृष्ण प्रजापति ने कहा कि संस्कृत सभी भाषाओं की जननी है. इसी भाषा में वेद, शास्त्र और पुराण जैसे ग्रंथ रचे गए हैं, जिनमें भारतीय संस्कृति, संस्कार और आदर्शों का व्यापक वर्णन मिलता है. यशवंत दुबे ने कहा कि संस्कृत विश्व को एक परिवार मानने की भावना सिखाती है और आपसी भाईचारे का संदेश देती है. विनोद कुमार शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि संस्कृत न केवल आध्यात्मिक ज्ञान देती है, बल्कि सामाजिक जीवन के उच्च आदर्शों का भी बोध कराती है.

# प्रवेश उत्सव पर छात्रों को मिला साउण्ड सिस्टम और सिलाई मशीन

नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा, शासकीय प्राथमिक शाला कालापठार मे प्रवेश उत्सव बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया. सर्वप्रथम मां सरस्वती का पूजन कर सभी छात्रों का तिलक एवं पुष्प वर्षा कर छात्राओं की आरती की गई. इस अवसर पर कक्षा 1 मे नवप्रवेशी तीन छात्रो — कार्तिक अहिरवार, शिवा अहिरवार, रितिक कुशवाह को तिलक, माला पहनाकर बैग, कम्पास, पानी की बोतल, कापी और किताबें भेंट की गई.**

इस अवसर पर मुख्य अतिथि क्षेत्र के जनपद सदस्य अमृतांश यादव, विशेष अतिथि सरपंच अशोक कुशवाह एवं सचिव चतुर्भुज सोनी, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष लालू प्रसाद लोधी, गोपीलाल लोधी उपस्थित थे.जनपद सदस्य श्री यादव ने नवप्रवेशी एवं सभी छात्रों को प्रवेश उत्सव की बधाई देते हुए शाला प्रभारी प्रथ्वी सिंह रघुवंशी की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह शाला जिले में चर्चित शाला हैकप्रत्येक क्षेत्र में यहाँ के छात्र और शाला प्रबंधन अव्वल हैंकहमें ऐसी शासकीय शाला देखकर प्रसन्नता होती हैकउन्होंने अपनी ओर से शाला को एक साउंड सिस्टम देने की घोषणा की.विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित ग्राम पंचायत के सरपंच अशोक कुशवाह ने कहा कि हमें ऐसे शिक्षक और शालाओं पर गर्व हैकयह शाला अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों में चर्चित हैकयदि ऐसी शालाएँ हों तो छात्रों को प्राइवेट में जाने की आवश्यकता ही नहीं है. उन्होंने भविष्य में रोजगार सृजन की दृष्टि से छात्रों के लिए दो सिलाई मशीन देने की घोषणा की.प्रधानाध्यापक प्रथ्वी सिंह रघुवंशी ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य छात्रों को अच्छी शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार देना है. शाला को आकर्षक और सुंदर बनाना है.

# बिना पंजीयन संचालित निजी चिकित्सालयों पर होगी सख्त कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**विदिशा,** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ रामहित कुमार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में स्पष्ट किया गया है कि मध्यप्रदेश उपचर्यागृह तथा रूजोपचार संबंधी स्थापनाएं रजिस्ट्रीकरण एवं अनुज्ञापन नियम, 1997 संशोधित 2021 एवं अधिनियम 1973 की धारा-3 के तहत निजी क्षेत्र के सभी चिकित्सा संस्थानों का पंजीयन अनिवार्य है.इन प्रावधानों के अंतर्गत नर्सिंग होम, निजी चिकित्सालय, परामर्श केंद्र, औषधालय, प्रयोगशाला, एक्स-रे एवं रेडियो डायग्नोस्टिक सेंटर, डेंटल क्लीनिक सहित सभी प्रकार के क्लीनिक बिना पंजीयन एवं अनुज्ञप्ति के न तो खोले जा सकते हैं. सीएमएचओ ने सभी निजी चिकित्सा संस्थानों के संचालकों को निर्देशित किया है कि वे अपनी संस्थाओं का तत्काल पंजीयन कराना सुनिश्चित करें. जब तक पंजीयन प्रक्रिया पूर्ण नहीं हो जाती, तब तक किसी भी स्थिति में संस्था का संचालन न किया जाए.सीएमएचओ डॉ रामहित कुमार ने चेतावनी दी है कि यदि कोई संस्था बिना पंजीयन के संचालित पाई जाती है, तो उसके विरुद्ध अधिनियम 1973 की धारा-3 के तहत जुर्माना एवं कठोर कारावास सहित वैधानिक कार्रवाई की जाएगी.

**अभियान** | **नगर परिषद ने शुरू किया विशेष अभियान, टंकियों की सफाई से नागरिकों को मिलेगा स्वच्छ पेयजल**

# गर्मी से पहले जागा प्रशासन,जल गंगा अभियान में प्याऊ की सफाई




नवभारत न्यूज

**सांची, नगर में बढ़ती गर्मी को देखते हुए नगर परिषद द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत सार्वजनिक प्याऊ की सफाई का विशेष अभियान चलाया गया. इस दौरान नगर के विभिन्न स्थानों पर स्थापित प्याऊ की साफ-सफाई के साथ-साथ उनमें रखी पानी की टंकियों को भी व्यवस्थित रूप से साफ किया गया.**

नगर परिषद प्रशासन ने अभियान की शुरुआत करते हुए यह सुनिश्चित किया कि नागरिकों को गर्मी के मौसम में स्वच्छ और शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सके. लंबे समय से उपेक्षित पड़ी प्याऊ की सफाई से लोगों को गंदे पानी की समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है.मुख्य नगर पालिका अधिकारी रामलाल कुश्वाह ने बताया कि गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए नगर परिषद द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सभी प्रमुख प्याऊ की नियमित सफाई कराई जा रही है. हमारा प्रयास है कि नागरिकों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल मिले, जिससे किसी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या उत्पन्न न हो.स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के अभियान गर्मी के मौसम में बेहद आवश्यक हैं और इससे आमजन को सीधा लाभ मिलेगा. साफ पानी की यह पहल न केवल प्यास बुझाएगी, बल्कि जनस्वास्थ्य को भी सुरक्षित बनाए रखेगी.

# नौलखी मंदिर में वाटर कूलर भेंट 24 घंटे शीतल जल सेवा शुरू



नवभारत न्यूज

**गंजबासौदा. स्टेशन रोड स्थित नौलखी मंदिर में गुरुवार को हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर श्रद्धा और सेवा की अनूठी मिसाल पेश की गई. मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं, दर्शनार्थियों के साथ-साथ राहगीरों के लिए 24 घंटे शीतल जल उपलब्ध कराने हेतु वाटर कूलर का विधिवत पूजन महंत राम मनोहर दास जी महाराज ने मंत्रोच्चार के साथ संपन्न कराया.**

समाजसेवी प्रकाश माहेश्वरी ने अपने पिताजी स्वर्गीय शिवलाल माहेश्वरी और माताजी श्रीमती निर्मला देवी माहेश्वरी की पुण्य स्मृति में यह वाटर कूलर मंदिर परिसर में भेंट किया. विशेष बात यह रही कि वाटर कूलर का एक कनेक्शन मंदिर के बाहर भी दिया गया है, जिससे राहगीरों को भी भीषण गर्मी में ठंडा पानी सहज रूप से मिल सके.महंत राम मनोहर दास जी महाराज ने शास्त्रों में जल सेवा के महत्व को बताते हुए कहा कि पद्म पुराण में प्यासे प्राणी को जल उपलब्ध कराने वाले को महान पुण्य की प्राप्ति होती है, और गरुड़ पुराण में जल दान को जीवन का आधार बताते हुए इसे सबसे बड़ा पुण्य कार्य माना गया है.